>

Title: Request to include Ma Chandika Dham, Jhanpad, Pratapgarh, (Uttar PRadesh) on the traditional and historical map of India.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़) : माननीय अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन विकास मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ में जनपद मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर मां चंडिका देवी धाम एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल मौजूद है । मुझे लगता है कि यह भारत का एकमात्र ऐसा देवस्थान है, जिसके पास अपने खुद के नाम से 64 बीघे की विशाल आराजी मां चंडिका जंगलात के नाम से उपलब्ध है । उसके अतिरिक्त उससे लगा हुआ विशालकाय जंगल विभाग का अपना खुद का प्राकृतिक हरा भरा स्वरूप पृथक से है ।

यह स्थान सड़क एवं रेल मार्ग से भी निकटस्थ स्थल पर स्थित है । देव स्थल के समीप ही विशालकाय पौराणिक काल से निर्मित सरोवर भी स्थित है, जहां हजारों की संख्या में लोग मां चंडिका के दर्शन करने के लिए पधारा करते हैं । किंतु भारत सरकार के वार्षिक कैलेंडर में न होने के कारण उक्त पौराणिक स्थल का वास्तविक विकास नहीं हो सका है ।

मैं आज आपके माध्यम से भारत सरकार के पर्यटन विकास मंत्री जी से मांग करता हूं कि मां चंडिका धाम जनपद प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश को भारत के पौराणिक एवं ऐतिहासिक नक्शे में शामिल करते हुए, उसके विशालकाय परिसर के समुचित विकास हेतु समेकित परियोजना एवं जीर्ण-शीर्ण सरोवर को वास्तविक रूप से विकसित किए जाने की कार्य योजना की मंजूरी दिलाने की कृपा करें । धन्यवाद ।